तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, शुक्रवार, 29 मार्च 2024

13 प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला में दिया न्योता भोज...



14 मोहल्ला, बाजार एवं घरों में पहुंचकर किया जा रहा...





क्षेत्र का पहला व एक मात्र सर्व सुविधा युक्त
मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
रात में भी सोनोग्राफी और सी टी स्कैन
सर्वश्रेष्ठ आई सी यू एवम् विशेषज्ञ
डायलिसिस सेंटर
हृदय उपचार (इकोकार्डियोग्राफी)

डॉ. श्वेता पांडेय
एम् बी बी एस, डी एन बी जनरल मेडिसिन, फेलोशिप इकोकार्डिओग्राफी
डॉ. भावेश पटेल
एम् बी बी एस, एम एस, हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. आयुष शर्मा
एम् बी बी एस, डी एन बी रेडियोलोजी



Sanjeevani
Multispeciality Hospital
अधिक जानकारी के लिए अभी संपर्क करें:
+91 80859 00763, +9 93408 01080
महिंद्रा ट्रेक्टर शोरूम के पास, रायपुर रोड, नवापारा, राजिम, रायपुर (छ.ग.)
सदैव आपके लिए, आपके साथ

## खबर संक्षेप

### समता क्लब मैदान में भागवत कथा आज से



**फिंगेश्वर।** नगर के समता क्लब मैदान में 29 मार्च से 6 अप्रैल तक नगर के प्रतिष्ठित परिवार शेखन लाल सिन्हा के द्वारा स्वर्गीय मोनिका सिन्हा की स्मृति में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन रखा गया है। कथाकार अंचल के विख्यात प्रवचनकर्ता ब्रम्हलीन पवन दिवान के शिष्य पंडित त्रिभुवन महराज हैं।कथा का समय दोपहर 1 बजे संध्या 6 बजे तक आयोजित होगी। कार्यक्रम मे 29 मार्च को आज नगर मे भव्य कलश यात्र के साथ भागवत कथा प्रारंभ होगी। 30 मार्च को परीक्षित जन्म बारह अवतार, 31 मार्च को सति चरित्र,धुरव कथा,जड़ भरत, 1 अप्रेल को गजेन्द्र मोक्ष, 2 अप्रेल को कृष्णअवतार,समुद्र मंथन, 3 अप्रेल को माखन चोरी बाल लीला,रूखमनी विवाह,4 अप्रेल को सुदामा चरित्र,5 अप्रेल को परीक्षित मोछ,तुलसी वर्शा एवं 6 अप्रैल को गीता पाठ हवन पूर्णाहूति प्रसादी भंडारा कार्यक्रम आयोजित होगा। आयोजक सिन्हा परिवार ने श्रीमद भागवत पुराण की कथा का श्रवण करने नागरिकों को आमंत्रित किया है।

### खड़मा में भागवत कथा आज से प्रारंभ



**मुड़ागांव(कोरासी)।** भगवताचार्य बालयोगी विष्णु अरोड़ा के मुखारवृन्द से श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन आज 29 मार्च से 6 अप्रैल तक ग्राम खड़मा में किया जा रहा है। आयोजनकर्ता बिसमत बाई एवं लगनी बाई जनपद सदस्य एवं पूर्व जनपद उपाध्यक्ष अवधराम साहू ने बताया कि कथा प्रतिदिन सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे एवं दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक होगी। दोपहर में प्रतिदिन श्रद्धालुजनों के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई है। भागवत कथा में 29 मार्च को कलशयात्रा, वेदीपूजन, भागवत गौकरण कथा से भागवत कथा का शुभारंभ होगा। 30 मार्च को परीक्षित जन्म, 31 मार्च को सती चरित्र, 1 अप्रैल को अजामिल चरित्र, : अप्रैल को श्रीराम एवं कृष्ण जन्म कथा, 3 अप्रैल को कंसवध कथा, 4 अप्रैल को सुदामा चरित्र कथा 5 अप्रैल को परिक्षित मोक्ष एवं 6 अप्रैल को गीतापाठ प्रवचन हवन उपरान्त पूणाहूति के साथ भागवत कथा समापन होगी।

### कर्मचारियों के लिए अवकाश घोषित

**गरियाबंद।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत महासमुंद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदान तिथि 26 अप्रैल 2024 को जिले के कर्मचारियों के लिए संवैतनिक अवकाश घोषित किया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से जारी आदेशानुसार गरियाबंद जिला में द्वितीय चरण के अंतर्गत राजिम एवं बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र में 26 अप्रैल शुक्रवार को मतदान होगा।

### सड़क हादसे में दो लोगों की मौत

**महासमुंद।** पिथौरा पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में ट्रक की टक्कर से दो लोगों की मौत के मामले में आरोपी चालकों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि चालक ने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए प्रार्थी युवराज ठाकुर पिता उमेंद्र कुमार (32) निवासी वार्ड 12 पिथौरा के जीजा अनिरूद्ध ध्रुव (40) निवासी जंघोरा को ठोकर मार दिया।

ग्रामीण महुआ संग्रहण करने सुबह 4 बजे ही जंगल के तरफ कर जाते है रूख

# महुआ के पेड़ों से बरस रहा पीला सोना, जिले में 80 करोड़ रूपये का महुआ फूल का कारोबार







हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने में वनोपज का बहुमूल्य योगदान होता है। जिसमें महुआ फूल सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। अगर बात करे गरियाबंद जिले का तो अकेले महुआ फूल का कारोबार लगभग 80 करोड़ से अधिक का होता है। इससे ही महुआ फूल की महत्ता का अहसास हो जाता है। इन दिनों पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश के साथ गरियाबंद जिले के जंगल में महुआ फूल की बहार छायी हुई है, मैनपुर, इंदागांव, गरियाबंद, छुरा, अमलीपदर, देवभोग, नगरी, सिहावा एवं समीपस्त ओड़िशा के राजाखरियार तक महुआ बाजार में 35 से 40 रूपये किलो मे बिक रहा है। ऐसा कहा जाता है कि छत्तीसगढ़ का महुआ बाजार पूरी तरह झारखण्ड, राची एवं बिहार के खरीदी बिक्री पर निर्भर करता है। इसका सबसे बड़ा बाजार झारखण्ड के राची मे बताया जाता है और दूसरे नंबर में छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में महुआ का बाजार है। महुआ की खरीदी बिक्री करने वाले वनोपज व्यवसायियों की माने तो महुआ की आवक और मूल्यो की उतार चढ़ाव का अच्छे -अच्छे जानकार अंदाजा नहीं लगा पाते। इसका सही अनुमान मार्च के अंतिम और अप्रैल के प्रथम सप्ताह में लगता है। तब ही बड़े व्यवसायी महुआ संग्रहण की मात्रा तय करते हैं। छत्तीसगढ़ वनाच्छादित क्षेत्रों में महुआ की फसल काफी महत्व रखता है। इन दिनों जंगलों में महुआ की बहार छायी है। यूं तो महुआ का सबसे ज्यादा उपयोग शराब बनाने के काम में आता है लेकिन अब इसका औशधी भी बनने लगा है।

### महुआ फूल की आवक तेज गर्मी पर निर्भर

महुआ फुल की आवक पूरी तरफ गर्मी पर निर्भर करता है। जितनी तेज धूप और गर्मी बढ़ेगी महुआ का पैदावार उतना ही अधिक होगा और महुआ का फूल और खिलेगी, महुआ को तोड़ने की जरूरत नहीं पड़ता यह पेड़ से टपकता है और इसे संग्रहित करना पड़ता है वहीं दूसरी ओर महुआ सीजन में अधिकत्तर भालू के हमले की घटना भी बढ़ जाती है क्योकि भालू भी इस फूल का सेवन करने का शौकिन है। क्षेत्र में सबसे अच्छा पीला व सूखा महुआ छुरा और मैनपुर क्षेत्र के राजापड़ाव गौरगांव क्षेत्र का बताया जाता है।

### महुआ संग्रहण के लिए ग्रामीणों ने डाला डेरा

पिछले 15-20 वर्षों में महुआ का उत्पादन इस वर्ष थोडा कमजोर बताया जा रहा है लेकिन गर्मी बढ़ने के साथ ही महुआ के उत्पादन तेज होने की उम्मीद है। महुआ संग्रहण के लिये मैनपुर के बीहड़ पहाड़ियों के ऊपर जहां भारी पैमाने पर महुआ के पेड़ है वहां गांव के ग्रामीण परिवार सहित अस्थायी कुटिया बनाकर पिछले एक पखवाड़े से डेरा डाले हुए है और सुबह 4 बजे से देर शाम 5-6 बजे तक महुआ संग्रहण कर रहे है। प्रतिदिन एक -एक परिवार 8 से 10 बोरी महुआ का संग्रहण इस वर्ष कर रहे है जो अपने आप में एक मिशाल है। मैनपुर क्षेत्र से कुल्हाड़ीघाट पहाड़ी, साहेबिनकछार पहाड़ी एवं आमामोरा पहाड़ी के तरफ महुआ संग्रहण करने पहुंचे ग्रामीण रामेतिन बाई, राधिका सोनवानी, दुलारीन बाई नेताम, कन्या बाई नेताम, भानो बाई, सुखिया बाई ने बताया कि पिछले 10 -12 दिनों से पहाड़ी के ऊपर परिवार समेत ठहरे हुए हैं और दिनरात महुआ एकत्र कर रहे है। महुआ का किलो बाजार में 40 रूपये है यह सीजन डेढ़ से दो माह का होता है। महुआ को घर मे लाकर हल्का फुल्का सुखाया जाता है और व्यापारियों को बेच दिया जाता है। इस तरह एक सीजन में एक परिवार 20 से 25 हजार रूपये महुआ से एकत्र कर लेते है। व्यवसायी इस महुआ को अपने फड़ो में 2 से 3 दिन तक धूप में सूखाकर डेढ़ से दो रूपया अधिक प्राप्त कर शहरो के व्यापारियों को बेचते है कई बार तो व्यवसायी इसका संग्रहण कर दोगुना कीमत भी प्राप्त करते है इसके लिए उन्हे रायपुर और धमतरी जैसे शहरो में कोल्ड स्टोरेज में महुआ को संग्रहित कर रखना पड़ता है। क्षेत्र के प्रमुख वनोपज व्यवसायी हासन रजा, चिरजींव साहू, फकीरा भाई से चर्चा करने पर उन्होने बताया कि पिछले 12-15 वर्षों में महुआ का उत्पादन कमजोर है।

# खड़ी बस में लगी आग फायर ब्रिगेड ने बुझाई





हरिभूमि.न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

नगर पंचायत के पीछे खड़ी बस में अचानक आग लगने से बस धू-धू कर जल गया। नगर पंचायत के सीएमओं संतोष विश्वकर्मा की सजगता से नयापारा से आई दमकल ने आग पर काबू पाया।

भीषण गर्मी की तपीष का असर से वाहनों मे आग लगने की घटनाओं में वृद्धि होते जा रही है। भीषण गर्मी की चपेट में अचानक वाहनों में आग लगने की घटना सुर्खियों में बनी हुई है। इसी कड़ी में 28 मार्च को नगर पंचायत के पीछे खड़ी एक यात्री बस में संध्या 4 बजे अचानक आग लग गई। वहां पर खेल रहे बच्चों ने नगर के सीएमओ संतोष विश्वकर्मा को इस बात की जानकारी दी। जानकारी मिलते ही वे बाहर निकालकर देखा तो बस मे आग पकड़ चुका था। बिना समय गवाएं उन्होनें दमकल नयापारा फोन कर घटना की जानकारी दी और अपने मातहत कर्मचारियों को बस मे आग बुझाने के लिए भेजा। बस मे तब तक आग तेजी से पकड़ चुका था।

कुछ देर बाद दमकल की गाड़ी आ गई और बस की आग बुझाने मे जुट गई।दमकल के आने से पहले ही आग इतना विकराल रूप धारण कर लिया कि बस का अधिकांश हिस्सा जल गया। बस मे आग लगने की खबर पर राहगीरों की भीड़ लग गई। तत्कालीक कार्यवाही से आग पर काबू पा लिया गया। आग पर काबू पाने से पास ही सामुदायिक भवन एवं महिला बाल विकास की ईमारत थी जो सुरक्षित वह बच गया। बस नगर के अनिल शर्मा की बताई जा रही है।

## लहलहा रहे सुरजमुखी के फूल...



**मैनपुर।** इन दिनों गर्मी अपना प्रचढ़ रूप दिखाने लगी है, और क्षेत्र में सुरज मुखी का फूल लहलता रहा है, क्षेत्र में कई किसानों ने अपने खेतों में सुरजमुखी की खेती किया है, जो भीषण गर्मी में सूकून दे रहा है।

### 47.50 लाख की ऑनलाइन धोखाधड़ी मामले में जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** शहर के कौशिक कॉलोनी निवासी युवक के साथ ढाई महीने के भीतर 47 लाख रुपए से अधिक रकम की ऑनलाइन धोखाधड़ी के मामले में पुलिस आरोपी मोबाइल धारकों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि 3 जनवरी 2024 से 14 मार्च 2024 के बीच उसके साथ मोबाइल नंबर 8401524461, 7751904012, 9475375813 के धारकों द्वारा ऑनलाइन धोखाधड़ी कर 4750000 रुपए का आर्थिक नुकसान पहुंचाया है। पुलिस ने उक्त मोबाइल धारकों के खिलाफ धारा 420 के तहत मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

# घर से स्कूल जाने के लिए निकले शिक्षक का जंगल में मिला शव



**छुईहा बेलर।** ग्राम खुटेरी निवासी शिक्षक चम्पेश्वर साहू 53 वर्षीय बुधवार सुबह 10 बजे पतोरा स्कूल के लिए मोटरसाइकिल से निकला था। गुरूवार को उसका शव तोरेगा जंगल में मिला है। परिजन ने पाण्डुका थाना से पहचान करा लिया है। शव का घटना स्थल में पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। मृतक की अंतिम संस्कार खुटेरी में किया गया है। जो उनका ससुराल है पर लम्बे समय से निवास कर घर बसा लिया है। बुधवार को ही परिवार ने पुलिस थाना फिगेंश्वर में गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। घर मे किसी से कोई वाद विवाद नहीं था। शिक्षक के पत्नी रामिन साहू, पुत्र ईश्वरी, भोज, पुत्री गीतांजलि ने कहा कि बुधवार को रोज की तरह पतोरा मिडिल स्कूल मोटरसाइकिल से बेग में पानी बाटल लेकर निकला था। बताया कि उनके स्वास्थ्य में गड़बड़ी थी। 2 बजे फोन लगाया तो मोबाइल बंद था, फिर स्कूल स्टाफ के फोन से पता चला कि शिक्षक चम्पेश्वर स्कूल नहीं आये है। तो परिवार की चिंता बढ़ गई। इसकी यह गुमशुदगी खबर मोबाइल सोशल मीडिया मे तेजी से फैल गया, इस बीच खोज-खबर चल रहा था। फिर पता चला शिक्षक बुधवार को 11 बजे अपने पैतृक गांव जेंजरा पहुंचा था। मृतक चम्पेश्वर पेशे से शिक्षक थे। परिवार के अनुसार लम्बे समय स्वास्थ्य ख़राब चल रहा था। ऐसे में चूनाव ड्यूटी लगी तो कैसे कर पाऊंगा। परिवार के कहने फर जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से कलेक्टर गरियाबंद को छुट्टी का अर्जी लगाई थी। दो तीन बार गरियाबंद कार्यालय का चक्कर काट रहे थे लेकिन अधिकारी मंजुरी नहीं दे रहे थे। इसी की चिंता उनको सता रहा था। जिसकी चर्चा घर में बार बार करते थे। पुलिस थाना प्रभारी पाण्डुका ने कहा है तोरेगा जंगल में शव मिला है। जिसकी पहचान चम्पेश्वर साहू खुटेरी के रूप हूआ है। पोस्टमॉर्टम बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। विवेचना जारी है।

मतदान 26 अप्रैल एवं मतगणना 4 जून को

# महासमुंद लोकसभा के लिए नामांकन 4 अप्रैल तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

महासमुंद लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 9 में निर्वाचन के लिए अधिसूचना आज जारी कर दी गई है। रिटर्निंग ऑफिसर महासमुंद लोकसभा क्षेत्र प्रभात मलिक ने कुल 8 विधानसभा क्षेत्रयुक्त महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के लिए निर्वाचन की सूचना आज 28 मार्च को जारी की है। इसमें गरियाबंद जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्र राजिम और बिंद्रानवागढ़ शामिल है। इसी के साथ नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। अभ्यर्थी कक्ष क्रमांक 6, न्यायालय कलेक्टर जिला कार्यालय महासमुंद में 4 अप्रैल 2024 तक नामांकन दाखिल कर सकते है। नामांकन दाखिल करने का कार्य लोक अवकाश को छोड़कर प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक किया जाएगा। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि गुरुवार 4 अप्रैल 2024 अपरान्ह 3 बजे तक है। नामांकन पत्रों की संवीक्षा शुक्रवार 5 अप्रैल 2024 पूर्वाह्न 10 बजे से होगी। नाम वापसी की अंतिम तिथि सोमवार 8 अप्रैल 2024 अपरान्ह 3 बजे तक है। मतदान शुक्रवार 26 अप्रैल 2024 को होगी। मतों की गणना 4 जून 2024 को की जाएगी। अधिसूचना की प्रति जिले के सभी एसडीएम कार्यालय, तहसील कार्यालय, उप तहसील, जनपद पंचायत, मुख्य नगर पालिका कार्यालय सहित ग्राम पंचायतों के नोटिस बोर्ड में चस्पा कर दी गई है।



### मतदान सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक

महासमुंद लोकसभा क्षेत्र में शामिल विधानसभा क्षेत्र सराईपाली, बसना, खल्लारी, महासमुंद, राजिम, कुरूद, धमतरी में 26 अप्रैल को मतदान सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक किया जाएगा। बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के 9 मतदान केन्द्रों कमारभौदी, आमामोरा, ओढ़, बड़ेगोबरा, गवरगांव, गरीबा, नागेश, सहाबीनकछार एवं कोदोमाली में मतदान सुबह 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक संपन्न होगा। बिन्द्रानवागढ़ क्षेत्र के शेष मतदान केन्द्रों में सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। मतगणना 4 जून 2024 को किया जायेगा।

पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468

# प्रापर्टी टैक्स का टारगेट 184 करोड़, वसूली 151 करोड़, शेष राशि वसूलने केवल 4 दिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम के राजस्व महकमे को निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने इस बार 184 करोड़ की राजस्व वसूली का लक्ष्य दिया है। अमले ने अब तक दस जोन के 70 वार्डों से 151 करोड़ रुपए का राजस्व वसूल लिया है। अब बाकी के 4 दिन में 33 करोड़ रुपये की बकाया राजस्व वसूली करनी होगी। इसके लिए जोन कमिश्नरों ने जोन के बड़े बकायादारों से बकाया राजस्व वसूली के लिए अंतिम नोटिस जारी कर भुगतान को लेकर कड़ाई बरतनी शुरू कर दी है। करदाताओं को 31 मार्च तक बकाया करों का भुगतान करना होगा। समय पर भुगतान नहीं होने पर 1 अप्रैल से उन्हें 5 फीसदी अतिरिक्त सरचार्ज के साथ बकाया करों का भुगतान करना होगा। रायपुर नगर निगम के करदाता 31 मार्च तक इस वित्तीय वर्ष के अपने बकाया करों का भुगतान कर सकते हैं। इस अवधि में उनसे किसी तरह का अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जायेगा। 31 मार्च के बाद टैक्स भुगतान करने वालों से 5 फीसदी सरचार्ज के साथ बकाया करों की वसूली की जायेगी।

नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने कहा है, बकाया करों के भुगतान की तिथि आगे नहीं बढ़ाई जायेगी। असुविधा से बचने करदाता समय पर अपने बकाया करों का भुगतान ऑनलाइन कर सकते हैं। च्वाइस सेंटर के साथ जोन कार्यालय और नगर निगम के निर्धारित एप पर जाकर प्रापर्टी टैक्स भुगतान की सुविधा दी गई है।

- संपति कर भुगतान की मियाद 31 मार्च
- 1 अप्रैल से देना होगा 5 फीसदी सरचार्ज



### अच्छा कार्य करने पर मिलेगा प्रोत्साहन

निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने संकेत दिये हैं कि नगर निगम के दस जोन में सबसे ज्यादा राजस्व वसूली करने वाले टॉप 3 के जोन के विभागीय अधिकारियों व सहायकों को निगम प्रशासन प्रोत्साहित करने पर विचार कर रहा है। अच्छा कार्य करने वाली टीम की हौसला अफजाई के लिए सम्मान किया जायेगा।

### जोनवार वसूली पर एक नजर

| जोन क्रमांक | कुल डिमांड | अब तक की वसूली |
|---|---|---|
| जोन 1 | 15 करोड़ 38 लाख | 12 करोड़ 23 लाख |
| जोन 2 | 23 करोड़ 27 लाख | 17 करोड़ 18 लाख |
| जोन 3 | 15 करोड़ 17 लाख | 10 करोड़ 86 लाख |
| जोन 4 | 17 करोड़ 40 लाख | 12 करोड़ 27 लाख |
| जोन 5 | 15 करोड़ 78 लाख | 12 करोड़ 66 लाख |
| जोन 6 | 12 करोड़ 73 लाख | 9 करोड़ 78 लाख |
| जोन 7 | 13 करोड़ 45 लाख | 10 करोड़ 61 लाख |
| जोन 8 | 19 करोड़ 55 लाख | 18 करोड़ 30 लाख |
| जोन 9 | 29 करोड़ 41 लाख | 25 करोड़ 31 लाख |
| जोन 10 | 22 करोड़ 80 लाख | 22 करोड़ 54 लाख |

## खबर संक्षेप



### बृजमोहन ने किया होजमालो का पोस्टर विमोचन

**रायपुर।** सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई की ओर से चेट्रीचंड्र पर्व पर होजमालो 2024 में रॉकिंग तंबोला का पोस्टर विमोचन संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने किया। सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने बताया 6 अप्रैल को होजमालो का आयोजन एक निजी होटल में किया जा रहा है। इसमें अहमदाबाद के लय अंतानी अपनी प्रस्तुति देंगे। सिंधी काउंसिल महिला विंग महामंत्री राशि बलवानी ने बताया कि चेट्रीचंड्र के पहले 6 अप्रैल को रॉकिंग तंबोला आयोजित किया जा रहा है, जिसका पोस्टर विमोचन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ, गूंजा मंधानी, नेहा अश्पालिया, हीमा जेठवानी, दीपिका जेठवानी आदि उपस्थित रहे।

### भाईदूज पर भगवान चित्रगुप्त का पूजन



**रायपुर।** कायस्थ समाज ने भाईदूज के अवसर पर न्यू शांति नगर स्थित चित्रगुप्त मंदिर में भगवान चित्रगुप्त का पूजन किया। शाम 6 बजे महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। भगवान चित्रगुप्त के पूजन कार्यक्रम में समाज के बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे। इसमें प्रमुख रूप से रामप्रकाश श्रीवास्तव, राजेंद्र कुमार श्रीवास्तव, राजेंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, विट्ठल श्रीवास्तव, प्रदीप वर्मा, राजेश श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, सुरेश श्रीवास्तव, आशीष श्रीवास्तव, अनुराग श्रीवास्तव, नितिन खरे, राजेश श्रीवास्तव, मंजू वर्मा, शीला श्रीवास्तव, अरुणा खरे, संध्या श्रीवास्तव आदि उपस्थित थीं।

### संत साईं संजयदेव मसंद और माता अनुपमादेवी का सम्मान आज



**रायपुर।** अहमदाबाद स्थित सिंधी समुदाय के प्रसिद्ध धार्मिक आस्था केंद्र निज वैकुंठधाम के पीठाधीश साईं संजयदेव मसंद एवं माता अनुपमादेवी मसंद का 29 मार्च शाम 5 बजे शंकरनगर स्थित सिंधु पैलेस में सिंधी समुदाय की समस्त पूज्य पंचायतों एवं समाजसेवी संगठनों की ओर से सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय मसंद सेवाश्रम के तत्वावधान में किया गया है। सेवाश्रम के पीठाधीश साईं जलकुमार मसंद साहिब ने बताया कि पूज्य शदाणी दरबार के पीठाधीश साईं युधिष्ठिरलाल साहिब, पूज्य गोधरीधाम की महंत अम्मा मीरादेवी एवं श्रीदुर्गा मंदिर लीली चौक के महंत अनंतपुरी गोस्वामी साहिब विशिष्ट अतिथि होंगे। कार्यक्रम में पूज्य छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत एवं उसकी युवा शाखा के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का भी सम्मान किया जाएगा। पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी कार्यक्रम के स्वागताध्यक्ष रहेंगे।

## एक्सीडेंटल, मारपीट सहित गंभीर चोट की सूचना पर दौड़ती रही 108 एंबुलेंस

# होली की मस्ती के बीच मरीजों से आबाद रहे सरकारी अस्पताल, तीन दिन में पहुंचे एक हजार मामले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रंगों के त्योहार होली की मस्ती के दौरान एक्सीडेंट, गिरने-पड़ने, मारपीट जैसी घटनाएं भी होती रही हैं। विभिन्न घटनाओं में आहत होने वालों के इमरजेंसी मोड में सक्रिय सरकारी अस्पताल में मरीजों की गहमा-गहमी बनी रही। राज्य के सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में तीन दिन में करीब एक हजार मरीज पहुंचे, जिनमें सात सौ मरीजों को 108 एंबुलेंस इलाज के लिए लेकर पहुंची। अस्पताल पहुंचने वाली ज्यादा घटनाएं होली यानी रंग-गुलाल खेलने के दौरान हुईं।

होली की छुट्टी के दौरान सरकारी अस्पतालों में इमरजेंसी सेवा को बहाल किया गया था, जिसका भरपूर उपयोग विभिन्न तरह की घटनाओं में घायल होने वालों के इलाज के लिए किया गया। 24 से 26 मार्च यानी तीन दिन में आंबेडकर अस्पताल के इमरजेंसी विभाग में 155 इलाज की जरूरत के साथ पहुंचे। रायपुर समेत राज्य में होली का माहौल 24 मार्च यानी होलिका दहन के दिन से नजर आने लगा था। होली की मस्ती के बीच कई तरह की अप्रिय घटनाएं भी होती रहीं, जिसमें लोगों के घायल होने के बाद इलाज के लिए डाक्टरों की आवश्यकता महसूस हुई। अस्पतालों में इमरजेंसी के साथ जरूरमंतदों को अस्पताल तक पहुंचाने के लिए 108 संजीवनी सेवा को अलर्ट मोड पर रखा गया था। एंबुलेंस सेवा के लिए हर कॉल को गंभीरता से लेने और त्वरित एक्शन लेने की हिदायत दी गई थी। रायपुर समेत राज्य के अनुसार अन्य जिलों में आहत मरीजों को अस्पताल तक पहुंचाने के लिए 108 संजीवनी एंबुलेंस घटनास्थल से लेकर नजदीकी मेडिकल कालेज के अस्पताल, जिला अस्पताल अथवा स्वास्थ्य केंद्रों तक दौड़ती रही। सूत्रों के अनुसार अस्पताल पहुंचने वालों में ज्यादातर लोगों होली की मस्ती के दौरान गाड़ी चलाने के दौरान गिरने-पड़ने वाले थे। मारपीट, हत्या जैसी घटनाएं बेहद कम रहीं।

### होली खेलने के दिन हुई ज्यादा घटनाएं, आंबेडकर अस्पताल में 155 इमरजेंसी

#### 21 प्रकरण पुलिस के साथ

आंबेडकर अस्पताल के आपात चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनय वर्मा ने बताया कि बीते तीन दिनों में यहां 155 मरीज इलाज के लिए पहुंचे थे। इनमें 21 प्रकरण मेडिको लीगल केस यानी एमएलसी के थे। इन मामलों को पुलिस कर्मी लेकर अस्पताल पहुंचे थे। इसके अलावा 52 प्रकरण घटनास्थल से सीधे आए, 82 मरीजों को दूसरे स्वास्थ्य केंद्रों अथवा अस्पतालों से प्राथमिक उपचार के बाद आगे इलाज के लिए आंबेडकर अस्पताल लाया गया।



#### होली के दौरान इतने पहुंचे अस्पताल

| जिला | 24 मार्च | 25 मार्च | 26 मार्च |
|---|---|---|---|
| रायपुर | 20 | 21 | 16 |
| बिलासपुर | 7 | 21 | 10 |
| दुर्ग | 14 | 21 | 16 |
| राजनांदगांव | 08 | 12 | 12 |

(108 संजीवनी द्वारा सरकारी अस्पतालों तक पहुंचाए गए मरीज)

#### सामान्य हुई व्यवस्था पर मरीज कम

छुट्टी खत्म होने के बाद सरकारी अस्पतालों में ओपीडी व्यवस्था बहाल हो चुकी है, मगर मरीजों की होली की खुमारी पूरी तरह नहीं उतर पाई है। सबसे बड़े आंबेडकर अस्पताल की ओपीडी में अभी भी सात से आठ सौ मरीज ही चिकित्सकीय जांच के लिए पहुंच रहे हैं। 13 सौ बिस्तरों वाले आंबेडकर अस्पताल में भर्ती मरीजों की संख्या नौ सौ के करीब है। अनुमान लगाया जा रहा है कि सोमवार से ही कामकाज पूरी तरह सामान्य हो पाएगा।

# इंजीनियर के घर धावा बोलकर चोर ढाई लाख रुपए ले उड़े



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- घटना मुजगहन थाना क्षेत्र में मंगलवार दोपहर की

मुजगहन थाना क्षेत्र में चोर एक इंजीनियर के घर धावा बोलकर दिन दहाड़े ढाई लाख रुपए चोरी कर ले गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों से बदमाशों के बारे में जानकारी जुटाने की बात कह रही है।

पुलिस के मुताबिक कमल विहार डूंडा निवासी शुभम शुक्ला की शिकायत पर अपराध दर्ज किया गया है। शुभम ने पुलिस को बताया कि रविवार को वह होली मनाने परिवार सहित धमतरी स्थित अपने गांव कल्ले गया था। होली के बाद उनके बड़े भाई राहुल जो पेशे से इंजीनियर हैं, अपनी पत्नी के साथ घर लौट आए। मंगलवार दोपहर को राहुल की पत्नी ब्लड टेस्ट कराने लैब चली गई। घर में राहुल अपने कमरे में सो रहा था।

इसी दौरान अज्ञात चोर दरवाजा खोलकर घर के अंदर घुसे और घर के अंदर चम्मच तथा पेंचकस के माध्यम से अलमारी का ताला खोलकर लॉकर में रखी नकदी रकम पर हाथ साफ कर दिया।

# स्मार्ट पुलिसिंग को प्रमोट करने कॉप ऑफ द मंथ

- एक दर्जन पुलिसकर्मियों को कॉप ऑफ द मंथ
- लापरवाही बरतने वाले तीन आरक्षक सस्पेंड किए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




राजधानी में पुलिसिंग व्यवस्था बेहतर बनाने एसएसपी ने अच्छा कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों के लिए पहल करते हुए कॉप ऑफ द मंथ की शुरुआत की है। इसी कड़ी में मार्च में अपराध की विवेचना करने के साथ अपराधियों को पकड़ने स्मार्ट पुलिसिंग का उदाहरण पेश करने वाले 12 पुलिसकर्मियों को कॉप ऑफ द मंथ के लिए चुना गया है। साथ ही कार्य में लापरवाही बरतने वाले तीन पुलिसकर्मियों को सस्पेंड किया गया है।

जिन पुलिसकर्मियों को कॉप ऑफ द मंथ के लिए चुना गया है, उनमें गोतस्करी के आरपोपियों को पकड़ने के साथ कफ सीरप की तस्करी करने वाले अंतर्राज्यीय तस्कर को दिल्ली से गिरफ्तार कर लाने वाले पुलिसकर्मी शामिल हैं। साथ ही जिन पुलिसकर्मियों को निलंबित किया गया है, उनके द्वारा लंबे अरसे से अनाधिकृत तौर पर गैरहाजिर रहने का आरोप है। एसएसपी संतोष सिंह के मुताबिक पुलिसिंग के क्षेत्र में अच्छा कार्य कर रहे अधिकारी कर्मचारी को प्रोत्साहित करने के लिए प्रति माह कॉप ऑफ द मंथ पुरस्कार दिया जाएगा। इस पहल से पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को कार्य करने एक नई ऊर्जा मिलेगी।

### इनाम के साथ फोटो चस्पा किया जाएगा

कॉप ऑफ द मंथ चुने गए कर्मचारियों को नगद इनाम एवं गुड सर्विस एंट्री व प्रशंसापत्र दिया जाएगा। इसके साथ ही उनके फोटो समस्त पुलिस कार्यालयों और जिले के सभी थाना व चौकी के नोटिस बोर्ड पर पूरे माह के लिए चस्पा किया जाएगा। इसकी वजह दूसरे पुलिसकर्मियों को अच्छा कार्य करने के लिए प्रेरित करना है।

### इन पुलिसकर्मियों को कॉप ऑफ द मंथ

जिन पुलिसकर्मियों को कॉप ऑफ द मंथ के लिए चुना गया है, उन पुलिस कर्मियों ने इन मामलों को सुलझाने के साथ आरोपियों को पकड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, उनकी सूची इस प्रकार से है..

कोडिन सिरप की तस्करी करने के आरोपी को दिल्ली से गिरफ्तार लाने के लिए एसीसीयू के संतोष पुरिया, प्रधान आरक्षक सरफराज चिस्ती।

आमानाका थाना क्षेत्र में गौ तस्करी के आरोपियों को पकड़ने महतवूपर्ण भूमिका निभाने वाले बच्चन ठाकुर।

खमतराई थाना क्षेत्र में बच्चे का अपहरण मामले को सुलझाने के लिए आरक्षक सुदीप मिश्रा

राखी थाना क्षेत्र में कारोबारी से मारपीट कर कार लूट मामले के लिए आरक्षक प्रीतम पुरेना।

70 लाख रुपए की बीमा धोखाधड़ी मामले को सुलझाने के लिए आरक्षक प्रमोद बेहरा के साथ बबीता देवांगन।

ऑटो में छूटे बैग में कैश सहित साढ़े पांच लाख रुपए के सोने-चांदी के ज्वेलरी बरामदगी के मामले में आरक्षक कुलदीप द्विवेदी।

ट्रैफिक सिस्टम को बेहतर ढंग से संचालित करने हेड कांस्टेबल रेवेन्द्र मधुकर

एसएसपी कार्यालय में कार्यालयीन कार्य को बेहतर तरीके से करने वाले एएसआई (अ) अनुभव जॉन।

पुलिस लाइन के द्वारा सौंपे गए कार्य को बेहतरह तरीके से करने के लिए आरक्षक अखिलेश साहू।

# शहर के चारों तरफ वाटर रीचार्जिंग पाइंट तलाशने मई के बाद होगा सर्वे

- नगर निगम और एनआईटी के बीच होगा एमओयू, बनेगा डीपीआर
- रोड की डिजाइन सुंदर करने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



रायपुर शहर के चारों ओर वाटर रीचार्जिंग पाइंट की पड़ताल करने मई के बाद सर्वे होगा। नगर निगम और एनआईटी के विषय विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में यह सर्वे कराया जायेगा। इसके साथ ही भूजल संरक्षण के स्त्रोत विकसित करने समग्र योजना बनाई जायेगी। शहर में जलभराव वाले 8 चोक पाइंट ध्यान केन्द्रित करते हुए जल भराव से बचाव के उपाय ढूंढे जायेंगे। इसमें अरबन प्लानर की भी मदद ली जायेगी।

शहरी विकास गतिविधियों के निर्धारण के लिए राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान और रायपुर नगर निगम के बीच एमओयू होगा। नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा और एनआईटी के डायरेक्टर एनवी रमन्ना राव और प्राध्यापकों के बीच एक अहम बैठक राजधानी में आयोजित हुई। बैठक में मुख्य रूप से शहरी क्षेत्र में जल भराव, जल निकास व्यवस्था जैसे चुनौतियों को दूर करने में आधुनिक तकनीकों का उपयोग सहित शहर के योजना निर्धारण संबंधी विषयों पर चर्चा हुई।

- जल भराव के 8 चोक पाइंट पर फोकस, ड्रेनेज पाइंट पर भी होगा काम

निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने बताया, एनआईटी के विषय विशेषज्ञों की देखरेख में शहरी विकास की योजनाओं पर मार्गदर्शन आधारित कार्ययोजना आने वाले दिनों में निर्धारित की जायेगी। राजधानी के जयस्तंभ चौक में जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए तकनीकी जानकारों से सलाह मशविरा किया जायेगा।

इसके अलावा शहर में ड्रेनेज का पाइंट क्या हो, वाटर रिचार्जिंग पाइंट पर क्या किया जा सकता है, शहर की सड़कों को सुंदर कैसे करें, इसकी डिजाइन एनआईटी के एक्सपर्ट से बनवाकर कार्य कराया जायेगा।

### पेयजल समस्या पर विषय विशेषज्ञ से राय

गर्मी के दिनों में शहर के विभिन्न इलाकों में पेयजल की समस्या और जल आपूर्ति की स्थिति को लेकर तकनीकी जानकारों से राय ली जायेगी। शहर में वाटर लेवल की वर्तमान स्थिति और पाइप लाइन डिस्ट्रीब्यूशन जैसे विषय भी इस योजना में शामिल करने की तैयारी है।

### अंडर ग्राउंड सीवरेज सिस्टम को बताया जरूरी

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के तकनीकि विशेषज्ञों ने निगम आयुक्त के साथ हुई बैठक में रायपुर शहर के लिए अंडर ग्राउंड सीवरेज सिस्टम को जरूरी बताया है। ओपन सीवरेज सिस्टम से होने वाली परेशानी को बड़ी चुनौती मानते हुये इस पर समग्र रूप से कार्य करने पर सहमति बनी। टाउन प्लानर के साथ शहर के व्यवस्थित विकास को लेकर किस तरह की योजना बनाई जाये, इस बात को भी चर्चा का विषय बनाया गया । बैठक में एनआईटी के डायरेक्टर एनवी रमन्ना राव, प्रोफेसर डॉ. आरके त्रिपाठी, डॉ. जीडी रामटेकर, डॉ. समीर बाजपेयी, प्रो सान्याल सहित नगर निगम के अधीक्षण अभियंता राजेश शर्मा, कार्यपालन अभियंता इमरान खान शामिल रहे।

# फर्जी मतदाता और लखमा के खिलाफ चुनाव आयोग से भाजपा ने की शिकायत

**लखमा के नामांकन दाखिले और लोकसभा चुनाव में प्रचार प्रसार पर रोक लगाने की मांग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव से पहले फर्जी मतदाता का मामला गरमाने लगा है। भाजपा ने कवर्धा में फर्जी मतदाता और कवासी लखमा के पैसे बांटने के मामले की शिकायत मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से की है। भाजपा के सांसद सुनील सोनी ने बस्तर संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा के नामांकन दाखिले और चुनाव में प्रचार-प्रासार पर रोक लगाने की मांग की है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने इस मामले में कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

भाजपा सांसद श्री सोनी सहित भाजपा नेताओं ने प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को शिकायत पत्र सौंपा। उन्होंने कहा, बस्तर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी लखमा द्वारा मतदाताओं को पैसे बांटने तथा अन्य प्रकार से चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन किया जा रहा है। उनके द्वारा धन-बल के प्रयोग द्वारा चुनावों में भ्रष्ट आचरण किया गया है। भाजपा नेताओं ने बताया कि विगत 24 मार्च को बांटी गई धनराशि के मौके की कुछ लोगों ने फोटो खींचकर सोशल मीडिया में वायरल भी की है। प्रत्यक्षदर्शियों तथा भाजपा के नेताओं द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी को कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा के इस भ्रष्ट आचरण की शिकायत भी की गई है।

### गृहमंत्री ने किया आचार संहिता का उल्लंघन : ठाकुर

प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा, साय सरकार के मंत्री आदर्श आचार संहिता की धज्जियां उड़ा रहे हैं। उन्होंने कहा, गृहमंत्री विजय शर्मा होली मिलन कार्यक्रम में जाते हैं और ज्ञापन लेते हैं। क्या यह आचार संहिता का उल्लंघन नहीं है। मंत्रियों के बंगलों में सुबह से लेकर शाम तक विभागीय अधिकारी डेरा जमा कर बैठे हुए हैं। मंत्रियों के बंगले एवं शराब दुकान के बाहर राज्य निर्वाचन आयोग सीसीटीवी कैमरा लगा कर निगरानी करे।

## समाचार पत्रों और पोर्टल में पहले आ चुका है टेशु मीडिया लैब का मामला

# सिसोदिया ने दिया जवाब, कहा- बैज को नोटिस देने का अधिकार नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



अरुण सिंह सिसोदिया ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज को नोटिस का जवाब दिया है। अपने स्पष्टीकरण में उन्होंने कहा, पार्टी से 20 वर्षों से जुड़कर कार्य कर रहा हूं, पार्टी के विभिन्न पदों पर रहते हुए महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाता आ रहा हूं। वर्तमान में मैं एआईसीसी सदस्य हूं। आपके द्वारा दिया गया नोटिस नियमतः एआईसीसी बायलॉज के विपरीत है। आप के अधिकार छेत्र से बाहर है, परन्तु आपका व्यक्तिगत व पद की गरिमा का सम्मान करते हुए मैं आप के नोटिस के सन्दर्भ में अपना स्पष्टीकरण प्रेषित कर रहा हूं। यह कि अनुशासनात्मक कार्रवाई एआईसीसी के नियम की धाराओं अंतर्गत आपके अधिकार क्षेत्र की परिधि में नहीं है। आपके पत्र के संबंध में मेरा यह कथन है कि मेरे द्वारा 18 मार्च को एक पत्र पीसीसी अध्यक्ष व राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे व राहुल गांधी के नाम प्रेषित किया गया। पत्र में सभी बिन्दु व शिकायत तथ्यों के साथ प्रेषित किया गया है। मेरे पत्र में प्रदेश अध्यक्ष, राष्ट्रीय अध्यक्ष व सभी बड़े नेतृत्व के व्हाटसअप, स्पीड पोस्ट, मेल से भेजा गया। यह संगठन का निजी व आतंरिक पत्र है, इसे सार्वजनिक व मीडिया में किसने किया, ये पता करने का विषय है। मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि मेरे द्वारा सार्वजनिक व मीडिया को नहीं दिया गया है। मैं रायपुर के किसी मीडिया कर्मी को नहीं जानता और अगर मेरे द्वारा किया जाना बताया गया है, तो कृपया साक्ष्य प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

### सोशल मीडिया में हो चुका वायरल

उन्होंने लिखा है कि 5 करोड़ 89 लाख के टेसू मीडिया लैब की सोशल मीडिया मैनेजमेंट का ठेका दिए जाने का मामला समाचार पत्रों में या पब्लिक में छपवाने का आरोप पूर्णतः गलत, निराधार व भ्रामक है। इस संबंध में 8 व 9 फरवरी के कई समाचार पत्रों व सोशल मीडिया पोर्टल में चल व छप चुका है। अतः यह कोई मेरे द्वारा किया गया कार्य नहीं है, बल्कि जो समाचार पत्र में छपे अखबार व राम गोपाल अग्रवाल व टेसू मीडिया के समझौतों की कॉपी संलग्न कर मैंने स्पीड पोस्ट व वाट्सअप में संबंधित लोगो को भेजा था, इसलिए मेरे द्वारा किसी भी अखबार या सोशल मीडिया में नहीं दिया गया है।

## खबर संक्षेप

### शहीद बलराम सिंह को दी गई श्रद्धांजली



**नवापारा-राजिम।** भेण्डरी में शहीद बलराम सिंह ध्रुव को कैप्टन अनिल शर्मा, करेली चौकी प्रभारी अजय ठाकुर, सरपंच प्रीतराम देवांगन,प्रहलाद धुव्र ने अपनी श्रद्धासुमन अर्पित किया। मालूम हो कि 2003 में बलराम ध्रुव जम्मू कश्मीर के टोटा जिले में आतंकवादियों से लड़ते हुए वीरगति को प्राप्त हुआ था।

### जलवायु परिवर्तन और जल संरक्षण के लिए जागरुकता कार्यक्रम

**महासमुंद।** ग्राम पंचायत बीकेबाहरा में मिशन लाइफ एवं ओडीएफ प्लस कार्यक्रम के अंतर्गत सार्वजनिक जगहों पर पोस्टर लगाकर जागरुकता कार्यक्रम किया गया। जलवायु परिवर्तन और जल संरक्षण और मिशन लाइफ के उद्देश्यों को लोगों को बताया गया। मिशन लाइफ में पर्यावरण की सुरक्षा के लिए उत्तरदायित्व रहने की सलाह दी गई। कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बीकेबाहरा में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूली छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त विजेताओं को मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शाला के शिक्षकगण उपस्थित रहे। लोकेश ठाकुर सहयोगी के रूप में उपस्थित रहे।

### राशन कार्डधारियों को मिलेगा अप्रैल एवं मई का एकमुश्त राशन

**महासमुंद।** खाद्य नागरिक उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा राशन कार्डधारकों को दो माह अप्रैल और मई 2024 के लिए चावल एकमुश्त वितरण किए जाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। यह वितरण माह अप्रैल 2024 में किया जाएगा। जिले के सभी राशन कार्डधारकों को माह अप्रैल एवं मई के लिए पात्रता अनुसार चावल का आबंटन एकमुश्त उचित मूल्य के दुकानों से किया जाएगा। इसके लिए चावल एवं अन्य राशन सामग्री, आवश्यक वाहनों की व्यवस्था एवं भंडारण हेतु संबंधित ग्राम पंचायत/नगरीय क्षेत्र में सुरक्षित भंडारण स्थल चिन्हांकन व राशन सामग्री का सुरक्षित भंडारण करने कहा है। जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारियों एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों को जारी दिशा-निर्देश में दो माह की चावल वितरण की सूचना सभी राशन कार्ड धारियों को ग्राम पंचायत/वार्ड में मुनादी कराकर, मीडिया के माध्यम से, अन्य प्रचार-प्रसार माध्यम से करने कहा है। चावल को छोड़कर शेष राशन सामग्री भी शक्कर, नमक, केरोसिन एवं अनुसूचित क्षेत्रों में चना माहवार पात्रतानुसार वितरण होगा। जिले की प्रत्येक उचित मूल्य के दुकानों में चावल उत्सव के आयोजन की तिथि के दिन राशन कार्डधारकों को दो माह का चावल वितरण करने के निर्देश दिए है।

### बिंद्रावन में विदाई समारोह व न्योता भोज

**नर्रा।** विकासखंड बागबाहरा के संकुल केंद्र नर्रा के अतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बिंद्रावन में कक्षा आठवीं के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत वहां के छात्राओं द्वारा मां सरस्वती की छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित व पूजन अर्चन कर किया गया। पश्चात सभी छात्रों ने क्रमशः एक-एक कर कक्षा छठवीं एवं सातवीं के छात्रों द्वारा आरती उतार कर गुलाल से टीका लगाकर विदाई दी गई। साथ ही न्योता भोज कराया गया। वहीं छात्रों द्वारा विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं को भी स्मृति चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम में शिक्षक गोविंद चक्रधारी, वैशाली ब्यौहार, राम प्रसाद साहू, धनेश्वरी बांसकर, अशोक कुमार बरिहा, डगौरी यादव, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता दशोदा ठाकुर, राधा सोनवानी, पूर्व माध्यमिक शाला बिंद्रावन के शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष केशरू पांडे उपस्थित रहे।

**न्योता भोज : सहसपुर विद्यालय के बच्चों को दिया गया न्योता भोज**

# प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला में दिया न्योता भोज, खीर, सब्जी व सलाद खाकर बच्चे हुए खुश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

पूर्व माध्यमिक शाला व प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक लीलाराम साहू व डिहु राम साहू शिक्षक, के पहल पर टानिक साहू द्वारा अपने घर में नवीन टैक्टर खरीदी व अपने पुत्री के जन्मदिन के अवसर पर सहपारिवार मिलकर प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय सहसपुर के समस्त बच्चों को पूर्ण न्योता भोज दिया गया। जिसमें गांव के गणमान्य नागरिक एवं शिक्षकों को भी आमंत्रित किया गया था। उन्होंने भी बच्चों के साथ बैठकर न्योता भोज किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां स्वस्वती की छाया चित्र की पूजा अर्चना कर भोजन को भोग लगाया। तत्पश्चात बच्चों को भोजन परोसा गया। भोजन करते समय बच्चों के चेहरे पर खुशिया झलक रही थी। यह देख आम नागरिकों ने कहा कि सामुदायिक भागीदारी को जोर देने और पोषक तत्वों की मात्रा में वद्धि करने की यह व्यवस्था सराहनीय है। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के तहत स्कूलों में खास मौकों पर जैसे जन्मसंस्कार, जन्मदिवस, विवाह, दशगात्र, नई वस्तु आदि के अवसर पर दानदाता द्वारा पौष्टिक आहार का दान कर सकते हैं, ताकि बच्चों को और ज्यादा पोषण-आहार मिल सके। छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के आदेशानुसार जिला कलेक्टर गरियाबंद दीपक कुमार अग्रवाल एवं जिला शिक्षा अधिकारी गरियाबंद के सारस्वत निर्देश पर अमल में लाते हुए बच्चों के खान-पान में पोषण आहार की मात्रा बढ़ाने यह पहली अभिनव पहल गरियाबंद जिले के विकासखंड फिंगेश्वर के शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला भेंडरी के बच्चों को संयुक्त रूप से आमंत्रित कर की गई।



### क्या है न्योता भोज और कैसे दे सकते हैं योगदान

जो व्यक्ति छात्रों को भोजन कराना चाहते हैं, उन्हें इसकी जानकारी पूर्व में ही देनी होगी। उस दिन विद्यार्थियों को मध्यान्ह भोजन के स्थान पर संबंधित व्यक्ति अथवा संस्था द्वारा न्योता भोजन कराया जाएगा, अर्थात जिस दिन स्कूल में न्योता भोज परोसा जाएगा उस दिन मध्यान्ह भोजन का वितरण नहीं होगा। व्यक्ति या संस्था विभिन्न त्योहारों या अवसरों जैसे वर्षगांठ, जन्मदिन, विवाह और राष्ट्रीय पर्व आदि पर छात्रों को भोजन करा सकेंगे। खीर-पूड़ी,मिठाई, पापड़ आदि व्यंजन परोसा जा सकता है।



### भैंसातरा विद्यालय के बच्चों ने किया न्योता भोज

राजिम। शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय भैंसातरा के प्रधानपाठक रामनारायण मिश्रा ने बताया कि गांव में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा के अवसर पर जय मां वैष्णो देवी समूह के अध्यक्ष कुसुम यादव द्वारा विद्यार्थियों को न्योता भोज कराया गया। जिसमें भोजन के अतिरिक्त खीर पुड़ी परोसा गया। इस अवसर पर रूपलाल साहू, नेमूराम साहू, पुरुषोत्तम साहू ,योगेश वर्मा मौजूद थे।

### पौष्टिक भोजन व मौसमी फलों का करें दान

दान-दाताओं से मिलने वाली खाने- पीने की चीजें उस क्षेत्र की फल रुचि के अनुसार ही होनी चाहिए। पूरे भोजन में नियमित रूप से दिए जाने वाले भोजन की तरह बच्चों को दाल-चांवल और सब्जी दिया जाना है। फल, दूध मिठाई, बिस्किट्स, हलवा, चिक्की जैसी चीजें बच्चों को पूरक पोषण सामग्री के रूप में दी जा सकती है। पौष्टिक और मौसमी फलों का भी दान किया जा सकेगा। इस अवसर पर टानिक साहू ग्रामीणों से आग्रह किया कि वे अपने जीवन के महत्वपूर्ण क्षण को स्कूल के बच्चों के साथ मनाएं। उन्हें इसी प्रकार से न्योता भोज दें। उन्हें इस प्रकार का भोजन करा सकते हैं या उनके भोजन में पौष्टिक भोज्य पदार्थ शामिल कर सकते हैं। यदि कोई इच्छुक हो तो शिक्षकों से संपर्क करें। इस दौरान टानिक साहू, अनीता साहू, अभिषेक साहू, अनामिका साहू, आंचल साहू, उपसरपंच जनक सेन, पंच देवकी वर्मा, पंच दीप्ती विश्वकर्मा, रमेश्वरी गंधर्व, महेश्वरी यादव, उमा साहू, तारा मति साहू, पोखन साहू, चपरासी डायमंड साहू, रसोईया निर्मला यादव, परमिला यादव, प्रेमिन यादव, प्रधान पाठक लीला राम साहू, डिहु राम साहू, शिक्षक सोमप्रकाश यादव, शिक्षिका तुलसी वर्मा, प्रेमलता तिवारी, प्रभात यादव, तीजऊ वर्मा, कला कुमार सिन्हा, उपस्थित रहे। प्राथमिक शाला में 42 एवं पूर्व माध्यमिक शाला में 34 बच्चे उपस्थित रहे।

### बच्चों को परोसा गया खीर-पूरी



रसेला। प्राथमिक शाला और माध्यमिक शाला में संयुक्त रूप से 28 मार्च को न्योता भोज का आयोजन किया गया। जिसके तहत ग्राम पंचायत के उप-सरपंच परमेश्वर यादव के 28 मार्च को जन्म दिन के उपलक्ष्य में न्योता भोज का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम की शुभारंभ विद्यालय प्रांगण में मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर से हुई, इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरपंच बिगेन्द्र ठाकुर, ग्राम पटेल लोकराम यादव, प्राचार्य शिशुपाल कुर्रे, नंदकिशोर यादव, सगुन दास, अवध राम ठाकुर, बलद राम, उपस्थित थे। इसके बाद पहुना के रूप में उपस्थित जनप्रतिनिधि व पालकों का स्वागत पीला चावल व गुलाल लगाकर किया गया। सभी शिक्षक व जनप्रतिनिधि,पालक, सभी बच्चे ने केक काटा कर परमेश्वर यादव का जन्म दिन मनाया गया। स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए हाथ धुलाई कर सभी ने एक साथ बैठकर भोजन मंत्र कर मां अन्नपूर्णा व जय जवान, जय किसान के जयकारे कर भोजन आरंभ किया। जहां पर बच्चों ने विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट भोजन खीर, पूड़ी, भुजिया का आनंद लिया। सरपंच बिगेन्द्र ठाकुर ने कहा कि उक्त आयोजन हमारे ग्राम पंचायत के उप-सरपंच परमेश्वर यादव द्वारा किया गया है। उन्होंने कहा कि न्योता भोज कोई भी समूह, संस्था या व्यक्तिगत करा सकता है। ग्राम पटेल लोकराम यादव ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के भोजन में पोषक तत्वों को बढ़ावा देना है। उप-सरपंच परमेश्वर यादव ने कहा कि आप लोग मुझे मेरे जन्म दिन पर प्रत्येक्ष अप्रत्यक्ष रूप जी शुभकामनाएं दिया है इसके लिए आभारी हूं।

### प्राथमिक शाला बम्हनी में न्योता भोज



मुड़ागांव(कोरासी)। शासकीय माध्यमिक व प्राथमिक शाला के शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों द्वारा सभी पहली से आठवीं तक के बच्चों को न्योता भोज दिया गया। देवता भोज में खीर, पुड़ी, अचार, पापड़, चावल दाल, सब्जी दिया गया। इस अवसर पर माध्यमिक शाला एसएमसी अध्यक्ष अंकेश यादव, प्राथमिक शाला एसएमसी अध्यक्ष नारायण प्रसाद साहू, पेख राम ध्रुव, नेहरू साहू, तारिणी ध्रुव, तोषण ध्रुव, योगेंद्र छत्ते, खेम सिंह ध्रुव, नेहरू राम साहू, योगेश्वरी ध्रुव, कामेश्वरी ध्रुव मानबाई ध्रुव, बिंद्रा साहू, ललित साहू, रुक्मणी साहू, चित्ररेखा साहू, सीताराम ध्रुव, महेश्वर साहू, संतराम साहू, गोपाल ध्रुव, धर्मेंद्र साहू, साधना साहू, दुर्गा रानी साहू, हितेश्वरी ध्रुव, योगेश्वरी ध्रुव, कामेश्वरी ध्रुव, फुलेश्वरी ध्रुव उपस्थित थे।

# महिला और युवतियों ने जमकर मनाई होली





हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम में विधायक रोहित साहू की मौजूदगी में सभी जगह इस बार बहुत ही शांति और सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में बहुत ही उमंग उत्साह के साथ होली पर्व मनाया गया।

होली के दौरान युवतियां, महिलाएं भी निर्भीक होकर रंग गुलाल खेलकर जमकर मजा लिए। विधायक श्री साहू शहर के विभिन्न हिस्सो में अपने काफिले के साथ पहुंचे। हर जगह उन्हें रंग गुलाल से सराबोर कर दिया गया।

# अज्ञात कारणों से विभिन्न थानों में दो आत्महत्या के मामले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

समीपस्थ ग्राम उमरिया के एक तालाब के पेड़ पर एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। आत्महत्या के कारणों का अभी पता नहीं चला है। उमरिया के ग्रामीणों से मिली जानकारी अनुसार कुछ ग्रामीण जब सुबह तालाब की ओर गए तो उन्होंने मेड़ पर एक बरगद के पेड़ में युवक की लाश झूलते पाया गया। प्रत्यक्ष दर्शियों के मुताबिक उक्त शव राजेश भोई नामक युवक का है, जिसने गले में पकड़ने वाले गमछा के दो भाग करके उससे फंदा बनाकर फांसी लगा ली। ग्रामीण जब तालाब पहुंचे तो उन्हें इस घटना की जानकारी हुई। ग्रामीणों के द्वारा पुलिस को इसकी सूचना दी गई। पुलिस की टीम मौके पर पहुँच गई और फिलहाल सभी परिस्थितियों को देखते हुए पुलिस के द्वारा मामले की जाँच की जा रही है।

### बुजुर्ग ने लगाई फांसी

बसना थाना अंतर्गत भंवरपुर चौंकी क्षेत्र के ग्राम पुरूषोत्तमपुर निवासी बुजुर्ग ने जंगल में फांसी लगा ली। पुलिस ने बताया की 14 फरवरी से 27 मार्च के मध्य पंडुराम बरिहा पिता कदन्सु बरिहा (73) ने चरोदा दमका जंगल में अज्ञात कारणों से फांसी लगा ली। इस घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया है।

### देशी प्लेन शराब जब्त

**महासमुंद।** तेंदूकोना थाना अंतर्गत देशी प्लेन शराब की बिक्री कर रहे आरोपी पर कार्रवाई की गई है। पुलिस ने आरोपी सुमीत अग्रवाल पिता महेंद्र अग्रवाल (25) निवासी बस्तीपारा के कब्जे से 6840 एमएल देशी प्लेन शराब कीमत 3360 रुपए को जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है ।



# विधायक ने मंदिरो में माथा टेका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

विधायक रोहित साहू भगवान श्री राजीव लोचन की पूजा-अर्चना करने के बाद भक्तिन माता की पूजा किए। श्री साहू सतनामी पारा पहुंचकर बाबा गुरू घासीदास के चरणो में प्रणाम कर जैतखंभ में माथा टेका। इस अवसर पर उनके साथ जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भावसिंह साहू सहित महेश यादव, मनीष हरित, कमल सिन्हा, किशोर साहू, ओमप्रकाश आडिल, जेठुराम कोसरे सहित बड़ी संख्या में समर्थक व पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

# अष्टपरी यज्ञ में शामिल हुए विधायक जनक ध्रुव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

बिंद्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव ग्राम नवापारा, निष्ठीगुड़ा, गोहरापदार पहुंच कर अष्ट परी नामयज्ञ कार्यक्रम में शामिल हुए और पूजा अर्चना कर क्षेत्र में सुख - शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना किया, इस दौरान विधायक जनक ध्रुव का ग्रामीणों ने फूलमाला के साथ आत्मीयता से स्वागत किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भूपेंद्र मांझी, ललिता यादव, ब्लाक महामंत्री निहाल नेताम,धनेश यादव, अरुण सोनवानी, महेश नागेश, बसंत यादव, धनुर्धर ठाकुर, कमल ठाकुर एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# गुरुदेव के विचारों को घर-घर पहुंचाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम



शांतिकुंज से आए राहुल सतेना का स्वागत गायत्री शक्तिपीठ में मुख्यप्रबंध ट्रस्टी चंद्रलेखा गुप्ता, हेमलाल साहू, दीपा साहू, टीकम सेन, संतोष साहू ने तिलक और अक्षत से किया। सर्वप्रथम अतिथियों ने दीप प्रज्वलित करके पूज्य गुरुदेव एवं गायत्री माता का पूजा-अर्चना किया।

इसके बाद टीकम सेन द्वारा गुरु वंदना की शानदार प्रस्तुति की गई। इस अवसर पर चंद्रलेखा गुप्ता ने कहा कि हम सबका सौभाग्य है कि हमें हमारे बीच ऋषि पुत्र आए है। त्रिलोक तारक ने कहा कि ईश्वर की कृपा के बिना हम सांस भी नहीं ले सकते इसलिए भगवान के कार्य में लगे रहे। राहुल सतेना ने कहा कि हम सब बड़े सौभाग्यशाली हैं जिन्हे एक साथ दो स्थान नवापारा और गरियाबंद में 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं विभिन्न संस्कार करने की स्वीकृति शांतिकुंज ने दी है। अब हम यज्ञ को सफल बनाने हेतु तन मन और धन से जुट जाएं। गुरुदेव के विचारों को घर घर पहुंचाएं। ताकि सद्विचारों से जन-जन को आलोकित किया जा सके। अतिथियों का श्रीफल एवं मंत्र चादर से सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मां भगवती महिला मंडल की पूर्णिमा, सीतु, अंजली, गायत्री, तेजस्वी, सरिता यदु ,घनाराम विश्राम, यशवंत, अमर, पुरुषोत्तम दीवान, टोपेश्वरी जयंती, भेमेश्वरी, दुर्गावती सेन, शोभना, चंद्रकला यादव, ईश्वर सेन, खुमिन, डामिन सहित कई लोग मौजूद थे।

**सेंदर में 28 से 1 अप्रैल तक रामकथा का व्यख्यान किया जायेगा**

# कलश शोभायात्रा से संगीतमय मानसगान का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

हरसिद्धि, मौली और शीतला माता की पावन धरा धाम सेंदर में भव्य कलश यात्रा के साथ संगीतमय मानसगान का शुभारंभ 28 मार्च को किया हुआ। कलश यात्रा में भगवा ध्वज लहराते युवा प्रभु श्रीराम चंद्र की जय, बाबा तुलसीदास की जय, जय श्रीराम की जयकारे लगाते गांव में शोभायात्रा यात्रा भ्रमण किया। युवतियों ने सिर में कलश धारण किए हुए थे, तो कुछ चांदनी ध्रुव, कंचन ध्रुव, पूजा ध्रुव, कल्याणी ध्रुव ,तुकेश्वरी, दामिनी, चित्ररेखा सिन्हा, युवतियां राउत नाचा के गेटप में सुन्दर प्रस्तुति दे रही थी। जो आकर्षक की केन्द्र बनी थी। इस वक्त जय श्री राम के जयकारे से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। कलश यात्रा के दौरान गाजे-बाजे एवं श्रद्धालुओं के जयकारे तथा कलश यात्रा में महिलाओं की पंक्तिबद्ध शैली मनोरम दृश्य प्रस्तुत कर रहा था। उल्लेखनीय है की ग्राम सेंदर में 28 से 1 अप्रैल तक रामचरितमानस का संगीत मय रामकथा का व्यख्यान किया जायेगा। जिसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों से मानस मंडली प्रस्तुति देगें 28 को इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चार से दीप, एंव देव स्थापना किया गया। रामाधार साहू जनक साहू, तुलस वर्मा ने कहा 29 को परसट्ठी, करेली, परतेवा ,सोरिद,



बेलमाण्ड, गुढ़ियारी रायपुर, चितमखार, बागबाहरा, मठ्पुरैना रायपुर मानस मंडली की प्रस्तुति होगी। आगन्तुको के लिए भोजन भंडारा प्रसादी की व्यवस्था रखा गया है। रामू राम साहू, जीवन सिन्हा, दिलीप ध्रुव, भोजू नायक, रेवा साहू प्रीतम वर्मा, लिलेश्वर साहू, रामदूत-धनेन्द्र साहू, नीरज साहू, तुषार साहू, तिलक सिन्हा, रिकेश सिन्हा,रूद्र वर्मा ऐसू साहू, मोहित वर्मा, होमेश्वर साहू, टोमन साहू, आयोजक समिति के सदस्यगण व्यवस्था तैयारी में सहयोग कर रहे हैं।

### हर्षोल्लास के साथ मनाया गया होली का त्योहार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटसिवनी

पिपरहट्ठा में रंगो का त्यौहार होली को पूरे मौज मस्ती के साथ मनाया गया। सुबह से ही लोग रंग, अबीर और गुलाल लेकर एक दूसरे को सराबोर कर मस्ती करते नजर आए। लोगों ने खूब मस्ती की और गिले शिकवे भूल कर एक दूसरे को गले लगा कर होली की शुभकामनाएं दी। सुबह होते ही बच्चों का झुंड सड़कों पर निकल पड़ा। जो भी मिला उसे रंगों से सराबोर करते रहे। बच्चों और युवाओं में होली का काफी उत्साह रहा। कहीं गाने की धुन पर थिरकते रहे तो कहीं नगाड़े, ढोलक झाल हरमोनिया लेकर फगुआ गीतों पर झूमते रहे। होली खेलने के लिए सुबह से ही युवक सड़कों पर निकल पड़े। गांव के हर गली मोहल्ले पर बच्चे बड़े युवक जवान सभी ने इस होली के त्यौहार को काफी उत्साह के साथ मनाया।

## होली में हजारों श्रद्धालु पहुंचे श्री राजीव लोचन के दरबार


**राजिम।** इस बार होली में राजिम विधायक रोहित साहू सहित करीब 30 हजार से अधिक श्रद्धालु भगवान श्री राजीव लोचन के मंदिर पहुंचे थे। यहां सभी को दर्शन मिला। मंदिर का विशाल प्रांगण श्रद्धालुओं एवं होलियारो से भरा हुआ था। चारो तरफ रंग बिरंगी गुलालो की बौछार उड़ाए गए। नंगाड़े की थाप और फाग गीत के बीच प्रांगण में मौजूद हर कोई जमकर ठुमके लगाए।

## खबर संक्षेप

### 8वीं के छात्रों को दी गई विदाई



**फिंगेश्वर।** सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय बासीन के द्वारा बुधवार को मांडव ऋषि आश्रम बाबाकुटी में कक्षा आठवीं के छात्राओं का विदाई एवं होली उत्सव पर्व भी विद्यालय के बच्चों के द्वारा मनाया गया। जिसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेश कुमार साहू एवं सभी आचार्यगण, निर्मल सोनी, शिवकुमार साहू, अखिलेश पाटकर, निर्मला सार्वा भुनेश्वरी, प्रेमलता, सरोजनी, कुन्ती, ईश्वरी, लक्ष्मण साहू, धनेन्द्र, यामनि यादव, परिक्षेत्र उपाध्यक्ष ओंकार साहू, प्रहलाद साहू उपस्थित थे।

### बैठक में आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया



**नवापारा-राजिम।** भेण्डरी साहू समाज के वार्षिक बैठक में साल भर के आय व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। देवा साहू ने सामाजिक भवन के लिए दीवाल घड़ी समाज के अध्यक्ष घनश्याम साहू को भेंट किया।

### भाजपा प्रत्याशी रूप कुमारी आज संदर में



**छुईहा बेलर।** महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी एवं राजिम विधानसभा क्षेत्र विधायक रोहित साहू आज सेंदर में जनसमपर्क करेंगें। भाजपा प्रत्याशी कार्यालय से सौम्य रंजन विधायक कार्यालय से किशोर साहू ने कहा कि 29 मार्च को रामचरितमानस कार्यक्रम में शामिल होगें। किशोर साहू आगे कहा देवहरा , मंडेली, रानीपरतेवा, करकरा, दर्रीपार, सेंदर, पुरेना के संगीतमय मानसगान कार्यक्रम में शामिल होगें।

### बच्चों को भोजन में खीर, पूरी परोसा



**मुड़ागांव(कोरासी)।** शासकीय प्राथमिक शाला सतनामी पारा करकरा में समिति सदस्यों एवं पालकों ने अपने बच्चों के जन्मदिन पर प्राथमिक मिडिल स्कूल के सभी बच्चों शिक्षको एवं ग्रामीण जन को न्योता भोजन कराया गया। भोजन में खीर पुरी रसगुल्ला चांवल दाल सब्जी पापड़ सलाद परोसा गया। न्योता भोज समारोह के मुख्य अतिथि भूषण पटेल ग्रामीण अध्यक्ष थे। अध्यक्षता भुनेश्वर साहू एसएमसी अध्यक्ष ने किया। कार्यक्रम का संचालन प्रधान पाठक सुखीराम साहू ने किया एवं धन्यवाद आभार संस्था प्रमुख टुमन निषाद ने किया। कुमारी नेहा एवं रितु निषाद पिता ओमप्रकाश निषाद तथा कुमारी लिलिमा साहू पिता यशवंत साहू का जन्मदिन मनाया गया। समारोह में प्रमुख रूप से बहादुर यादव, अलख राम पटेल, शीतल निषाद, दिलीप देवांगन, पूनम निषाद, रेणुका सोनी, पुष्पा ठाकुर, गजेन्द्र साहू, रामेश्वर ध्रुव, कुमेश ध्रुव, मांडले सर, लोकेश साहू चित्र लेखा पटेल उपस्थित रहे।

## लोकसभा चुनाव : मतदान केंद्र में जाकर वोट डालने के लिए आमंत्रित किया

# मोहल्ला, बाजार एवं घरों में पहुंचकर किया जा रहा मतदान के लिए प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिलेवासियों को मतदान के लिए प्रेरित करने विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में फिंगेश्वर ब्लॉक के ग्राम बासिन एवं गुण्डरदेही में लोगों को पारा-मोहल्ला, हाट-बाजार एवं घरों में पहुँचकर मतदान के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही पीला चावल भेंटकर आगामी 26 अप्रैल को अपने मताधिकार का उपयोग करने मतदान केन्द्र में जाकर वोट डालने के लिए आमंत्रित किया गया। साथ ही लोगों को मतदान का महत्व बताते हुए मताधिकार का उपयोग करने शपथ दिलाई गई। मतदाता जागरूकता के विशेष अभियान में लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। साथ ही अपने मत का अवश्य उपयोग करने के लिए स्वयं जागरूक होकर दूसरों को भी प्रेरित किया। इसी प्रकार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के कम मतदान प्रतिशत वाले ग्राम आमदी, पंक्तियां, खरखरा, कसेकेरा, कनेसर, जाड़ापदर, साल्हेभांठा, बोड़राबांधा एवं




पीपरछेड़ी, अतरमरा, द्वारतरा, लोहझर, डूमाघाट, बिरीघाट, बुड़गेलटप्पा, छुरा, मोखागुड़ा, लोहारी, देवरी, गोनबरा, खड़मा, बोड़राबांधा, गिरसूल, बासीन, खरखरा, साल्हेभाठा, रानीपरतेवा, पीपरछेड़ी सहित जिले के विभिन्न गांवों के ग्रामीणों एवं महिला समूहों के सदस्यों ने भी गांव के घरों में जाकर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया।

साथ ही मतदाता जगरूकता रैली का आयोजन कर एवं मतदाता जागरूकता से संबंधी स्टिकर चस्पा कर अवश्य मतदान करने का संदेश दिया।

### लोगों से मतदान करने की अपील

इस कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के अधिकारी-कर्मचारियों के अलावा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, एनसीसी व एनएसएस के विद्यार्थियों के द्वारा पारा-मोहल्ला, हाट-बाजार एवं घरों में पहुंचकर मतदाताओं को अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार के प्रयोग के लिए प्रेरित किया गया। लोगों को बताया गया कि जिला प्रशासन द्वारा सुगम मतदान के लिए मतदान केन्द्रों में सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। मतदान की समुचित व्यवस्था की जानकारी देते हुए लोकतंत्र को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए लोगों से मतदान करने की अपील की गई। इस दौरान लोगों को बिना डर, भय एवं दबाव के निष्पक्ष मतदान करने के लिए जागरूक किया गया।

## पटेवा में मानस गान प्रतियोगिता आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

ग्राम पटेवा में श्री पटेश्वर मानस परिवार एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से त्रिदिवसीय अखंड रामायण एवं भव्य मानस गान का आयोजन किया गया है। आयोजक समिति के सचिव जोगीराम साहू ने बताया कि इस भव्य मानस गान सम्मेलन के मानस पटल पर छत्तीसगढ़ की ख्याति प्राप्त मंडलियों की प्रस्तुति होगी। 29 मार्च शुभारंभ के प्रथम दिवस संगम मानस परिवार दुर्गा चौक दुलना,श्री विनय मानस मंडली भिनौरी बेमेतरा,नवनीत मानस परिवार नंदनीनगर अहिवारा दुर्ग, राग रंग मानस पथिक परिवार खल्लारी बागबाहरा,सत्यम शिवम सुंदरम मानस मंडली भरदा कला दुर्ग,तुलसी के राम मानस मंडली कपासीडीह गरियाबंद, जय बजरंग मानस मंडली जनकपुर खिलौरा धमधा,माँ की महिमा बालिका मानस मंडली गोइंदा आरंग,शुभांजलि मानस परिवार बरगाही राजनंदगांव,समर्पण महिला मानस मंडली धरमपुरा रायपुर,द्रोपती बालिका मानस मंडली अछोला महासमुंद! द्वितीय दिवस की प्रस्तुति जय मां शारदा मानस मंडली पिपरोद, हरि ओम मानस परिवार भगवान भाटागांव आर बालोद,महावीर मानस मंडली ठेलकाबांधा अभनपुर,स्वरागिनी मानस परिवार बीजा बैरागी कबीरधाम, मंचमुखी मानस परिवार मुल्ले कुरूद,तरुण मानस मंडली तोरला अभनपुर,श्री जय भरत मानस परिवार दरगाहन धमतरी, जय मां अनुसूया महिला मानस मंडली गुजरा धमतरी,शिवप्रिया बालिका मानस मंडली रूवंतला डोंगरगढ़,प्रज्ञा मानस परिवार रतनपुर बिलासपुर,मोंगरा मानस परिवार बजरंगपुर रायपुर एवं तृतीय दिवस ज्ञानदीप महिला मानस मंडली डोंगीतराई, मोर मयारू मानस परिवार गुदगुदा धमतरी, श्री रामनाम के दीप मानस परिवार चिद्दों डोंगरगढ़, श्री राम मानस परिवार मोतीपुर मगरलोड,सुर सिंगर मानस परिवार गातापार रायपुर,श्री परमेश्वर मानस मंडली सेम्हरतरा गरियाबंद,जय महामाया मानस परिवार भानसोजआरंग,सरगम महिला मानस मंडली भैंसमुंडी मगरलोड,तारणी महिला मानस मंडली कुर्रा अभनपुर,जय मां विंध्यवासिनी महिला मानस मंडली गोकुलपुर धमतरी एवं पैरी लहर बालिका मानस मंडली दूधवारा धमतरी की प्रस्तुति होगी ! 3 दिनों तक चलने वाली इस रामायण समारोह में शामिल होने वाली सभी मंडलियों को समिति द्वारा प्रोत्साहन राशि एवं श्रीफल व गीता से सम्मानित किया जाएगा। 31 मार्च को समापन अवसर पर महाभंडारा का आयोजन किया गया है।



## 5वीं, 8वीं के बच्चों को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़ागांव(कोरासी)

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला व प्राथमिक शाला बम्हनी में कक्षा आठवीं व पांचवी के बच्चों का विदाई समारोह आयोजन किया गया। आठवीं के बच्चों का विदाई छठवीं सातवीं के बच्चों ने तथा पांचवी के बच्चों का विदाई तीसरी चौथी के बच्चों ने दिया। सर्वप्रथम मां विद्यादायिनी की पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी शिक्षकों ने बच्चों को उज्जवल भविष्य की कामना किए। कार्यक्रम में सभी आठवीं पांचवी के बच्चे सज धज कर आए थे। छठवीं सातवीं के बच्चों ने आठवीं के बच्चों को गिफ्ट प्रदान किया। तथा तीसरी चौथी के बच्चों ने भी पांचवी के बच्चों को गिफ्ट प्रदान किया। सभी ने बारी बारी से गीत कविता शायरी प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में तारिणी ध्रुव, अंकेश यादव, नारायण प्रसाद साहू, पे ख राम ध्रुव, साधना साहू, तोषण ध्रुव, परदेसी राम ध्रुव, ताराचंद साहू, पवन साहू, नेहरू राम साहू, योगेंद्र छत्ते, योगेश्वरी ध्रुव, अवध साहू, चेतन ध्रुव, राधेश्याम साहू, महेश्वर साहू यशवंत साहू ,प्रधान पाठक जे आर ध्रुव, शिक्षक के एल सूर्यवंशी, व्ही के अडबंशी, बी के छेड़ैया, प्रधान पाठक धनेश सेन, भूमिका साहू आदि उपस्थित थे।

## बोरसी साहू समाज ने कर्मा माता जयंती समारोह मनाने चर्चा की



हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

बोरसी साहू समाज के बैठक में प्रति वर्ष मांडव ऋषि बाबा कुटी आश्रम में स्थाई रूप से कर्मा माता जयंती समारोह साहू समाज के द्वारा मनाये जाने को लेकर बैठक का आयोजन किया गया।

प्रति वर्ष की भांति 27 मार्च बुधवार को मांडव ऋषि आश्रम बाबाकुटी में बोरसी परिक्षेत्र साहू समाज के द्वारा वार्षिक लेखा जोखा एवं होली मिलन समारोह का कार्यक्रम रखा गया था। जिसमें ग्राम चैतरा, सेन्दर, परसट्ठी, बारुला, खुटेरी, खुडियाडिही, बहेरापाल, बिजली, बोरसी के सभी पदाधिकारी गण के द्वारा बैठक आहूत किया। जिसमें निर्णय लिया गया कि पापमोचनी एकादशी को माता कर्मा का जयंती हर गांव में मनाया जाता है। उसे प्रति वर्ष मांडव ऋषि बाबा कुटी आश्रम में स्थाई रूप से कर्मा माता जयंती समारोह साहू समाज के द्वारा मनाया जाएगा।

इस अवसर पर बैठक मे परिक्षेत्र के अध्यक्ष गोवर्धन साहू, उपाध्यक्ष ओंकार साहू ,महिला उपाध्यक्ष श्रीमती सुनिती साहू,कोषाध्यक्ष चिन्ता राम साहू, उपाध्यक्ष बलराम, सचिव चम्मन साहू, सह सचिव सियाराम, यशवंत साहू, संरक्षक गण कमलेश साहू, बिसाहू, श्रीराम नारायण साहू, रामू साहू, ऐनसिंग साहू,द्वरिका, सुखीराम, छननू, भुवन साहू उपस्थित थे।

## परमात्म के प्यार के रंगो में रंगने का पर्व है होली : ब्रह्माकुमारी अंशु दीदी

हरिभूमि न्यूज : मुड़ागांव(कोरासी)

गरियाबंद जिले के ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय खड्मा सेवा केंद्र के ओम शांति भवन मे ब्रह्मा व्सो ने होलिका दहन कर धूमधाम से अलौकिक होली महौत्सव मनाई। सेवा केंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी अंशु दीदी ने सभी ब्रह्मा वत्सो को होली पावन पर्व के निमित्त टीका लगया उन्होने कहा कि होली ईश्वरीय रंगो में रंग जाने का पावन त्योहार है। होलिका दहन मन के सारे विकारों का दहन कर आत्मा को पवित्र बनाता है जब ईश्वरीय संग का रंग चढता है तो मन इन्द्रधनुष के सात रंगो की तरह पवित्रता, प्रेम, शान्ती से सराबोर होकर सुख, शक्ती, आनन्द,व ज्ञान की अनुभूति में आत्मा चमकने लगती है। यह रंग कभी भी मिटता नहीं तत्पश्चात सेवाकेंद्र में आये सभी सदस्यों ने अपने मन के सभी विकारों को जलाकर परमात्म के रंग मे रंग जाने का संकल्प लिया। वहीं यादव समाज के जिलाध्यक्ष और वरिष्ठ राजयोगी बी के गोविंद भाई ने बताया कि परमपिता परमात्मा शिव ने हमें होली शब्द के तीन अर्थ बताये हैं। इनमें होली अर्थात बीती सो बीती, जो हो गया उसकी चिंता न करो तथा आगे के लिए जो भी कर्म करो, योगयुक्त होकर करो, दूसरा होली अर्थात हो गई। मैं आत्मा अब ईश्वर अर्पण हो गई, अब जो भी कर्म करना है, वह ईश्वर की मत पर ही करना है, तीसरा होली अर्थात पवित्रता,जिसे जीवन अपनाकर जीवन को श्रेष्ठ बनाये।वही संस्थान के छोटे छोटे बच्चों ने रास नृत्य कर व अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम में सबका मन मोह लिया। वहीं बच्चों के साथ- साथ बड़े बुजुर्गों ने भी ईश्वरीय आनन्द के सच्चे रंग में झूम उठे। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी चन्द्ररिका बहन, खड्मा के वरिष्ठ शिक्षक नारायण लाल निषाद,याद राम साहू, ईश्वर सिं हा , सि या रा म सिंहा,अघण सिह ठाकुर, गोविन्द यादव, सज्जन यादव, शिक्षक हेमलाल यादव,लवण साहू, दुमेश्वर नन्दे, सुखित राम ठाकुर, अलख राम, रिमण निषाद, ब्रह्माकुमारीज गीता पाठशाला गायडबरी,पीपर छेड़ी, कनेसर, मडेली, कनेसर, छुरा, करचाली के सदस्य गण व माताएं ,बहने उपस्थित रहे।



■ खड़मा के ओम शांति भवन में होलिका दहन कर मनाई होली

## भारी संख्या में पंहुच रहे हैं श्रद्धालु

# कलशयात्रा के साथ मानसगान का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुरसाबांधा

ग्राम सुरसाबांधा में तीन दिवसीय छत्तीसगढ राज्य स्तरीय संगीतमय मानसगान सम्मेलन समारोह का शुभारं बुधवार को कलशयात्रा निकाल कर किया गया। इस मानसगान समारोह के उद्घाटन अवसर पर प्रथम दिवस में मुख्य अतिथि कौशिल्या बाई सरपंच, गौतम साहू उपसरपंच रहे। शीतला सेवा समिति के सहयोग से बाजे -गाजे के साथ कलश यात्रा कार्यक्रम स्थल से होकर गांव भ्रमण करते हुये शीतला मंदिर तक निकाला गया जिसमें महिलाएं व बच्चे शामिल हुये। सचिव नंदकुमार वर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के प्रथम दिन 6 ख्याति प्राप्त मंडलियो द्वारा मानसगान किया गया। रामायण सुनने सुरसाबांधा सहित आसपास के गांवों से भारी संख्या में श्रद्धालु पंहुच रहे है। सभी आगंतुको के लिये भोजन प्रसादी भण्डारा का भी व्यवस्था किया गया है। मंच संचालन नंदकुमार साहू संचालक जागृति रासमंडली, आरडी साहू शिक्षक ने किया। वहीं इस अवसर पर आयोजक समिति से मदन लाल साहू शिक्षक अध्यक्ष, नंदकुमार वर्मा सचिव, सुरेश कुमार साहू कोषाध्यक्ष , संरक्षक गण गौतम साहू उपसरपंच, कीर्तन लाल साहू, योगेश्वर साहू, पीलारामसाहू, खूबलाल साहू, चनद्रिका सेन, अधारी राम साहू, मोनू वर्मा, तुलसी राम साहू पंच, अश्वनी साहू, पुरानिक साहू सहित भारी संख्या में ग्रामवासियों का सराहनीय योगदान मिल रहा है।






